एक नजर में

गुलावता का बेहतर परीक्षा परिणाम

नवभारत न्यूज, पड़ाना 29 मार्च, सं. समीप ग्राम गुलावता सरस्वती शिशु मंदिर में कक्षा आठवी का परीक्षा परिणाम 92 प्रतिशत रहा. जिसमें विद्यालय की छात्रा पीयू विश्वकर्मा मध्य भारत प्रांत में द्वितीय स्थान पर रही .वही ब्लॉक में प्रथम स्थान प्राप्त किया .अंजलि ने 90 प्रतिशत अंक हासिल किया. दोनों छात्राओं ने विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन करने पर समिति अध्यक्ष नानूराम भेसानिया, प्राचार्य गिरीश बैरागी, कार्यालय प्रमुख सुनील सोमानी, गोपाल राजपूत, बाबूलाल, सुरेश चंद्र,अमित कुमार, प्रेमनारायण, मांगीलाल राजपूत, मांगीलाल सांवसिया, शंकरलाल, जीवन कुमार, रामविलास नागर सहित नगर वासी एवं विद्यालय परिवार की ओर से उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाइयां दी.

ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया

सारंगपुर 29 मार्च, सं. सेंट जॉर्ज कॉन्वेंट हाई स्कूल में नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थियों के लिए ग्रेजुएशन सेरेमनी का भव्य आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम के माध्यम से नन्हे बच्चों ने अपनी स्कूली शिक्षा के पहले पड़ाव को पार कर अगली कक्षाओं में कदम रखा. कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में उज्जैन धर्मप्रान्त के बिशप डॉ. सबस्टीन वड़क्कल एवं सारंगपुर एसडीओपी. अरविंद सिंह उपस्थित रहे. रंग-बिरंगी ग्रेजुएशन गाउन और कैप पहने छोटे-छोटे बच्चे किसी नन्हे ग्रेजुएट्स से कम नहीं लग रहे थे. इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें स्वागत गीत, कविता पाठ और मनमोहक नृत्य शामिल थे. छात्र-छात्राओं ने अपनी शानदार बैंड प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया. स्कूल परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लयबद्ध तरीके से धुनों को बिखेरा, तो पूरा वातावरण उत्साह से भर गया. संस्था प्रमुख मैनेजर फादर पॉल, प्राचार्या सिस्टर मर्लिन एवं सभी शिक्षकगण द्वारा बच्चों का उत्साह वर्धन किया गया एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

जल संवर्धन अभियान में व्यापक गतिविधियां

नवभारत न्यूज, राजगढ़ 29 मार्च, का. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी श्रमदान कर रहे. जिले में ग्राम तोतिपुरा, में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत बोरी बंधान कार्यक्रम आयोजित किया गया. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने स्वयं श्रमदान किया. जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संदेश दिया. ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन एवं पारंपरिक जल स्रोतों के संरक्षण के लिए प्रेरित किया जा रहा है. अभियान में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी मिल रही है. जिले भर में सफाई, गहरीकरण एवं जल संरचना पुनर्जीवन कार्य जारी है. साथ ही विकासखंड सारंगपुर में कालीसिंध नदी एवं घाट में व्यापक सफाई अभियान चलाया गया. राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कौशल विकास एवं रोजगार विभाग गौतम टेटवाल उपस्थित थे. उन्होंने नदी किनारे श्रमदान कर स्वच्छता व जल संरक्षण का संदेश दिया गया.

थाने में धरने पर बैठे बिजली कर्मचारी

ब्राम्हणगांव में बिजली कटौती का मामला, कर्मचारी से मारपीट के विरोध में धरना दिया

नवभारत न्यूज

माचलपुर 29 मार्च, सं. समीपस्थ ब्राम्हणगांव में बिजली कंपनी द्वारा मार्च माह की वसूली की लेकर बिजली कटौती की गई. इस बीच एक ग्रामीण ने कंपनी के कर्मचारियों से इस बारे में प्रतिकार किया तो मामला हाथापाई तक पहुंच गया. इतना ही नहीं विवाद थाने जा पहुंचा और देर रात तक मामले में कार्यवाही से पुलिस को दो चार होना पड़ा.

माचलपुर थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्राम्हणगांव में वसूली और बकाया के चलते बिजली कंपनी द्वारा लाईट काट दी गई. इसे लेकर गांव के प्रभुदयाल चौधरी ने आपत्ति दर्ज कराई. बिजली कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारियों से बातचीत के दौरान विवाद बढ़ गया और मामले में हाथापाई और मारपीट की नौबत आ गई.

शिकायत के विरोध में थाने पर धरना

इधर प्रभुदयाल चौधरी की शिकायत पर माचलपुर ने बिजली कंपनी के आउटसोर्स कर्मचारी के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया. सूचना लगने पर बिजली कंपनी के करीब एक दर्जन कर्मचारी थाने पहुंच गए और वहां एक पक्षीय कार्यवाही के विरोध में धरना प्रदर्शन किया. बाद में पुलिस ने बिजली कंपनी कर्मचारी की शिकायत पर ग्रामीण के विरूद्ध मामला दर्ज किया. पूरे मामले में क्रॉस में प्रकरण मारपीट की धाराओं में दर्ज हुए है. माचलपुर थाना प्रभारी भागीरथ शाक्य ने बताया कि मामले में दोनों पक्षों की शिकायत पर कार्यवाही की गई है. मामले की विवेचना की जा रही है और आगे उसी अनुसार कार्यवाही होगी. बिजली कटौती को लेकर विवाद उपजा है.

उड़नदस्ता टीम ने सारंगपुर में अवैध लकड़ी परिवहन करते दो ट्रैक्टर ट्राली जप्त किए

सारंगपुर 29 मार्च, सं. धमनदा गांव में रविवार शाम समय को मुखबिर से प्राप्त सूचना के अनुसार उड़नदस्ता टीम पेट्रोलिंग के लिए छपरा से सारंगपुर जाते समय पाडल्या माता क्षेत्र में लकड़ियों से भरे दो ट्रैक्टरों को आते हुए देखा गया. पूछताछ करने पर जमील अंसारी पिता अंसार खा सरफराज पिता अब्दुल गफ्फार सारंगपुर का होना बताया धामंदा से सारंगपुर की ओर दो ट्रैक्टर ट्राली लकड़ी से भरे हुए जाते मिले सतकट लकडी से भरे हुए मिले ट्रैक्टर ट्राली को रोककर आरोपी ड्राइवर जमील अंसारी एवं सरफराज को रोक कर पूछताछ की गई. दोनों ड्राइवरो के पास लड़कियों से संबंधित कोई वैध अभिलेख नहीं पाए गए. दोनों ट्रैक्टर ट्रालीयो को जप्त कर पुलिस थाना लिमाचौहान की अभिरक्षा में रखा गया अभिवहन वनोपज नियम 2022 के तहत वन अपराध प्रकरण कायम कर मय लकड़ी के दोनों वाहन अपने अभिरक्षा में लिया गया वन मंडल अधिकारी वेणीप्रसाद दौतानिया उपवन अधिकारी दिनेश यादव के निर्देश अनुसार उड़न दस्ता प्रभारी डीके भिलाला वन क्षेत्रपाल वाहन चालक जितेन्द्र सिंह तंवर सुमेर सिंह गुर्जर चौकीदार बनेसिंह महेश आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा.



आगजनी में कई क्विंटल गेहूं की फसल स्वाहा

ग्राम कोडिया जरगड में 7 बीघा खेत के गेहूं में लगी आग

नवभारत न्यूज

खुजनेर 29 मार्च, सं. खुजनेर के समीप ग्राम कोडिया जरगड में रविवार की सुबह एक खेत में कटाई के बाद रखे गेहूं के ढेर में एकाएक आग लगने से कई क्विंटल गेहूं जलकर स्वाहा हो गये.

जानकारी के अनुसार ग्राम कोडिया जरगड निवासी परमानंद पाटीदार के खेत में करीब 7 बीघा गेहूं की फसल कटाई के बाद रखी हुई थी. इसी बीच रविवार प्रात: करीब 11 बजे एकाएक गेहूं में आग सुलग उठी. देखते ही देखते आग ने भयावह रुप ले लिया. आसपास मौजूद ग्रामीणजनों एवं मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर बमुश्किल काबू पाया. बावजूद इसके आग में कई क्विंटल गेहूं स्वाहा हो गया. आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है. ग्रामीणों ने नुकसान आंकलन की मांग की है.

हनुमान मंदिर पर कलश स्थापना को लेकर यात्रा

नवभारत न्यूज, पड़ाना 29 मार्च, सं. समीप मगराना गांव के अटल चौक पर स्थित हनुमान मंदिर में शिखर कलश स्थापना को लेकर पांच दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. जिसको लेकर गांव में कलश यात्रा निकाली गई. जो गांव के विभिन्न गली मोहल्ले होते हुए हनुमान मंदिर परिसर पहुंची. जहां विधिवत पूजन पाठ कर प्रसाद वितरण की. तत्पश्चात पंडित चतुर्भुज, बबलू शर्मा, राजेश शर्मा, अभिनव शर्मा इत्यादि विद्वानों एवं पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण साथ हवन अनुष्ठान करवाया गया. इस मौके पर जजमान दिनेश पाटीदार, मुरली पाटीदार, राजेश जाट, मनोहर सोलंकी, लोकेंद्र गुर्जर शपथनीक द्वारा हवन अनुष्ठान मैं भाग लिया.

मां आंजणा की शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से किया स्वागत

दांगी समाज का आयोजन, मोहनीपुरा स्थित मां आंजणा धाम पर हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 29 मार्च, का. नगर में रविवार को माँ आंजणा की भव्य शोभायात्रा निकाली गई. स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया. शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाज बंधु शामिल हुए.

जयकारों, ध्वज पताकाओं के साथ मुल्तानपुरा से शोभायात्रा प्रारंभ हुई. समूचे मार्ग में जनप्रतिनिधियों, धार्मिक, सामाजिक संगठनों के द्वारा जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का जोरदार स्वागत किया गया. इंदौर नाका, अहिंसा द्वार, पुराना ए.बी.रोड, पीपल चौराहा, मैन मार्केट से होते हुए शोभायात्रा मोहनीपुरा स्थित माँ आंजणा के मंदिर पहुंची. जहां पर महाआरती के साथ धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन हुए. माँ आंजणा की पूजा अर्चना की.

सामाजिक एकजुटता पर दिया जोर- अतिथि वक्ताओं ने सामाजिक एकजुटता पर जोर देते हुए अपने विचार व्यक्त किए. इस अवसर पर समाज के राष्ट्रीय पदाधिकारी हजारीलाल दांगी विधायक खिलचीपुर, पुरुषोत्तम दांगी पूर्व विधायक, पूर्व विधायक रामचंद्र दांगी, समाज के जिलाध्यक्ष रामबगस दांगी, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, पूर्व जिला भाजपाध्यक्ष दिलवर यादव, मोहनीपुरा सरपंच राधेश्याम दांगी, रामगोपाल दांगी, लक्की दांगी सहित समाजजन उपस्थित रहे.

राम जन्मोत्सव पर निकली विशाल शोभायात्रा

हिंदू युवा वाहिनी ने मनाया राम जन्म उत्सव

नवभारत न्यूज

कुरावर 29 मार्च, सं. रामनवमीं के उपलक्ष्य में नगर में हिंदू युवा वाहिनी के द्वारा श्रीराम जन्म उत्सव बड़ी धूम-धाम से मनाया गया. नगर में विशाल चल समारोह निकाला गया.

सब्जी मार्केट से चल समारोह प्रारंभ हुआ जो मैन मार्केट व अन्य जगहों से गुजरा. जगह-जगह विभिन्न संगठनों, नागरिकों के द्वारा भगवान श्री राम की पूजा की और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया. चल समारोह श्री राम जानकी मंदिर वार्ड नंबर 7 में पहुंचा. जहां दीपक पारिक पीठाधीश्वर श्री सिद्धपीठ गाडरवाड धाम सरकार के द्वारा संबोधित किया गया. इस अवसर पर जिलाध्यक्ष रामबाबू मीणा, उपाध्यक्ष सुनील साहू, संयोजक राजेंद्र सिंह उमट, हेमंत मीणा, यश, अरुण चंद्रवंशी, गोलू मीणा, सुनील यादव सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमतावर्धन कार्यक्रम का आयोजन

राजगढ़ 28 मार्च, का. आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के निर्देशानुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण तथा होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा के संयुक्त तत्वावधान में 5 दिवसीय भूकंप पूर्व तैयारी, क्षमतावर्धन कार्यक्रम, ध्वस्त ढांचा, खोज व बचाव संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन पॉलिटेक्निक कॉलेज राजगढ़ में किया जा रहा है. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तृतीय दिवस में भूकंप पूर्व तैयारी एवं क्षमता वर्धन कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें महाविद्यालय, पुलिस, शिक्षा, चिकित्सा, होमगार्ड, एसडीईआरएफ, प्राइवेट स्कूल शामिल हुए.

बाबा श्याम के दर्शन के लिए लगीं भक्तों की कतारें

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 29 मार्च, का. कामदा एकादशी के पर्व पर नगर में स्थित खाटू श्याम मंदिर पर श्रद्धापूर्वक हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन किए. सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गईं. दिन भर पूरा वातावरण जय श्री श्याम के जयकारों से गूंजयमान होता रहा.मंदिर प्रबंधन समिति के द्वारा विशेष तैयारियां की गई थीं.

बाबा श्याम का श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो फूलों से किया गया. मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और आकर्षक सजावट से सजाया गया.प्रात: मंगला आरती के बाद दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन होते रहे. दोपहर को आरती के समय मंदिर प्रांगण श्रद्धालुओं से खचाखच भरा था.

नगर के साथ-साथ आसपास के गांवों और दूर-दराज के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे.इस अवसर पर कई गांवों और मोहल्लों से निशान यात्राएं भी बाबा खाटू श्याम के मंदिर पहुंची. श्रद्धालु ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर नाचते-गाते बाबा के दरबार पहुंचे और निशान अर्पित किए.भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस बल सतर्क रहा. अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और यातायात का डायवर्जन कर व्यवस्था बनाए रखी गई. नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था में सहयोग दिया. श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण की भी व्यवस्था की गई थी.हिन्दू धर्म में कामदा एकादशी का विशेष महत्व है। इसे नववर्ष की पहली एकादशी माना जाता है. मान्यता है कि इस दिन व्रत और पूजा करने से भक्तों को पुण्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं. खाटू श्याम मंदिर में आयोजित यह पर्व भक्ति और उत्साह से भरा रहा.

राम कथा वाचिका का पड़ाना नगरवासियों ने किया सम्मान

नवभारत न्यूज

पड़ाना 29 मार्च, सं. नगर के प्राचीन मां आशापुरी धाम पर ग्रामीण जन सहयोग से चल रही थी नौ दिवसीय श्री राम कथा का विश्राम दिवस के दौरान नगर वासियों ने जगह-जगह कथा वाचिका सुश्री अर्चना दीदी का स्वागत व सम्मान कर अंग वस्त्र दान दक्षिणा भेंट दी.

नगर वासियों के इस सम्मान से भावपूर्ण पल होकर कथा वाचिका ने बताया कि यह सम्मान भगवान राम की कृपा है और भगवान हमें प्रेरित करते है कि वह लोगों को राम कथा के माध्यम से भक्ति और ज्ञान की ओर ले जाए.

इस मौके पर पूर्व जनपद सदस्य दिनेश परमार, नाना साहब, विकास परमार, रमेश पुष्पद, नंदलाल, महेश जाटव, मानव, सचिन, संजू परमार, हर्षिता आरजू, नीति, चमकी, प्रियांशी इत्यादि उपस्थित रहे.

98 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया

मलावर में सड़क, लैब कक्ष सहित विकास निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया

नवभारत न्यूज

ब्यावरा 29 मार्च, का. ब्यावरा विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत मलावर में 98 लाख 73 हजार रुपये की लागत से निर्मित होने वाले विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार द्वारा भूमिपूजन किया गया.

प्रधानमंत्री सड़क से भगवान कपिलेश्वर महादेव मंदिर तक सीसी रोड निर्माण कार्य, कपिलेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सीसी नाली निर्माण कार्य, शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मलावर में फिजिक्स, केमिस्ट्री एवं बायोलॉजी लैब हेतु कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. साथ ही शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मलावर में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए.

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष दिलवर यादव,जसवंत गुर्जर,नारायण सिंह सालरियाखेड़ी, मानसिंह टोंका, जगदीश पंवार, अमित शर्मा, इंदर सिंह लववंशी, सरपंच प्रतिनिधि रोड सिंह भिलाला,मंडल अध्यक्ष दिनेश मीना, राजू यादव, गिरराज लववंशी,लखन सोंधिया, दिनेश शिवहरे, श्रीनाथ गुप्ता, कैलाश साहू, गोवर्धन सुमन, महेश अग्रवाल सहित एसडीएम गोविंद कुमार दुबे, जनपद सीईओ आर.के. मंडल, एसडीओ प्रवीण भील, इंजीनियर कार्तिक राजपूत सहित अधिकारी, ग्रामीणजन ऊपरस्थित रहे.

जागरुकता एकता, अनुशासन एवं स्वास्थ्य का संदेश देती साइक्लोथॉन रैली

लौह पुरुष की 150वीं जयंती पर रन फॉर यूनिटी में लगाई दौड़

नवभारत न्यूज

राजगढ़ 29 मार्च, सं. लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के अवसर पर, पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन में जिला राजगढ़ में साइकिल रैली (साइक्लोथॉन) का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन में देशभक्ति, एकता, अनुशासन एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करना रहा.

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजगढ़ केएल बंजारे द्वारा पुलिस लाइन राजगढ़ से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया. रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: पुलिस लाइन में संपन्न हुई. इस दौरान प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए एकता एवं फिटनेस का संदेश जन-जन तक पहुंचाया. आयोजन के माध्यम से राजगढ़ पुलिस ने समाज में जनसहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए एकता, स्वास्थ्य एवं अनुशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक सराहनीय पहल प्रस्तुत की है. कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण सहित डीएसपी अरविंद सिंह, रक्षित निरीक्षक श्रीमती उर्मिला चौहान, थाना प्रभारी राजगढ़ श्रीमती मंजू मखेनिया, सूबेदार दीपक रघुवंशी, पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी सहित शहर के युवा साथी उपस्थित रहे.

सरदार पटेल जयंती पर नगर परिषद से नलखेड़ा जोड़ तक दौड़ लगाई गई

छापीहेड़ा 29 मार्च, सं. नगर में सरदार वल्लभभाई की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई. जनप्रतिनिधियों, पुलिस स्टाफ, नगर परिषद स्टाफ द्वारा रन फॉर यूनिटी के माध्यम से नगर परिषद कार्यालय से नलखेड़ा जोड़ तक दौड़ लगाकर सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्रीय एकता के संदेश को याद किया. सरदार पटेल ने देश की आजादी के बाद स्वतंत्र रियासतों का एकीकरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी. इस मौके पर थाना प्रभारी हुकुम सिंह मीणा, अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रवीण विशालिया, बद्रीलाल रजक, राम नागर, शिवा इंगले सहित जनप्रतिनिधि शामिल रहे.